# स्वरोजगार के लिए आगे आएं महिलाएं

## डीएम ने बच्चों को ड्रेस प्रदान की

रुद्रपुर। जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज लालपुर के अन्तर्गत महाराजपुर आंगनबाड़ी केन्द्र में स्केल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्केल व महिन्द्रा एंड महिन्द्रा द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा जिन महिलाओं को सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़कर भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्केल द्वारा लालपुर, प्रतापुर, श्याम कालोनी, रमेशपुर, महाराजपुर व रुद्रपुर के 19 आंगनबाडी केन्द्रों में 400 से अधिक बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूते, मौजे निःशुल्क वितरित किए।

ग्रामीण सिलाई कला केन्द्र महाराजपुर मे विद्युत व्यवस्था के लिए स्केल द्वारा सोलर लाइट की स्थापना की गई है। इसका उदघाटन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सचिव अरुण सिन्हा ने बताया यह संस्था 14 वर्षो से उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक विकास व उत्थान का कार्य कर रही है। इस दौरान रश्मि सिन्हा, ग्राम प्रधान रामनाथ, परविन्दर सिंह, रवि ठुकराल, अजय खुराना महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के अनिल प्रताप सिंह, सीडीपीओ सरोज टम्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसएसबी ने वितरित कीं 250 सोलर लाइट

हल्द्वानी। एसएसबी के आईजी श्याम सिंह ने काठगोदाम स्थित ट्रांजिट कैंप में नेपाल बार्डर के ग्रामीणों को 250 सोलर लाइट वितरित किए। बताया कि बिजली विहीन ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक संस्था के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। काठगोदाम स्थित कैंप में एसएसबी ने एक समारोह में ग्रामीणों को सोलर लाइट देने के लिए बुलाया था। एसएसबी के आईजी श्याम सिंह ने स्केल द्वारा प्रदान की गई सोलर लाइट प्रदान कीं। सोलर लाइट लेने के लिए चुका के प्रधान प्रहलाद राम, खेत की प्रधान लक्ष्मी देवी, संलरुप की ग्राम प्रधान झामा देवी, गुंजी की अर्चना गुंज्याल, गर्ब्यांग की पुष्पा, किरतपुर गांव की प्रधान सोम देवी, बोदूपुर के राम नरायन, थपयालखेड़ा के ग्राम प्रधान बसंत राम आए थे। आईजी श्याम सिंह ने कहा कि एसएसबी नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ साथ सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कल्याणकारी कार्य भी करती है। इस मौके पर एसएसबी के डीआईजी पीके रोशन, रानीखेत के डीआईजी वीके शर्मा, एसएस राय, संदीप रावल, प्रेम चंद और स्केल संस्था के अरुण सिन्हा, रश्मि सिन्हा आदि थे।